<u>प्रसार भारती</u>
<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>
<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>
<u>29.11.2025/प्रादेशिक समाचार/0920 बजे</u>

<u>''आज के मुख्य समाचार''</u>

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र के आधुनिकीकरण पर विशेष बल दे रही है राज्य सरकार।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों के साथ साझा करेंगे विचार।
- प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को अगली सुनवाई से पहले एच.आर.टी.सी. पैंशनरों को बकाया पैंशन जारी करने के दिए आदेश।
- मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने अधिकारियों को सर्दियों के मौसम में बर्फबारी व बारिश से निपटने के लिए सभी प्रबंध पूरा करने को कहा।
- 56वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोवा में सम्पन्न–प्रसिद्ध अभिनेता रजनीकांत लाईफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने कांगड़ा जिला को राज्य की पर्यटन राजधानी घोषित किया है जिसके दृष्टिगत क्षेत्र में अनेक पर्यटन परियोजनाओं को साकार रूप दिया जा रहा है। धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र की तंगरोटी पंचायत में कल सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत जनशिकायतें सुनने के दौरान मुख्यमंत्री ने यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए चार सौ 60 करोड़ रुपए जारी किए हैं और इसका कार्य प्रगति पर है।

*<u>कांगड़ा जिला की लैंड एक्यूजिशन हम अगले 460 करोड़ रुपये खर्च कर दिए है इन चार पांच अगले 4–5 महीनों में पूरे कांगड़ा की लैड एक्वायर कर लेंगे जल्दी ही जो एयरपोर्ट बड़ा बनाना चाहिए टूरिजम की दृष्टि से जिस दिन एयरपोर्ट बड़ा बन जाएगा उस दिन आपकी जमीन की कीमत तीन गुना हो जाएगी।</u>*

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के आधुनिकीकरण पर विशेष बल दे रही है। उन्होंने कहा कि एम्स की तर्ज पर डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद चिकित्सा महाविद्यालय टांडा और अटल आर्युविज्ञान चिकित्सा अस्पताल चमियाना में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टांडा चिकित्सा महाविद्यालय में पैट स्कैन मशीन स्थापित करने के लिए 28 करोड़ रुपये जारी किए गए है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 30 नवबंर को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

पेंशन

प्रदेश उच्च न्यायालय ने सरकार को एच.आर.टी.सी पेंशनरों की पेंशन की अदायगी करने के आदेश जारी करते हुए कहा है कि अगली सुनवाई से पहले एच.आर.टी.सी पेंशनरों को उनकी बकाया पेंशन हर स्थिति में जारी की जाए। एच.आर.टी.सी पेंशनर्स समस्या समाधान मंच की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने एच.आर.टी.सी और सरकार को नोटिस जारी कर 19 दिसम्बर से पहले जवाब दायर करने को कहा है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता मनदीप चंदेल ने दलील दी कि नियमों के अनुसार पेंशन हर महीने की पहली तारीख को मिलनी चाहिए, लेकिन कई महीनों से पेंशन में हो रही देरी से पेंशनरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

*कोर्ट ने एचआरटी को जवाब फाइल करने के साथ–साथ बिफोर थे नेक्स्ट डेट ऑफ हियरिंग जो 90जी ऑफ दिसंबर है उससे पहले पहले आप इसमें इनको उनकी पेंशन रिलीज कॉरपोरेशन 1974 के अंदर बनी इसमें जो हमारे हिमाचल प्रदेश ट्रांसपोर्ट कुल्लू मंडी जो स्टेशन थी उनके जो जब मर्ज किया गया उसमें लिखा है कि उनका जो भी पेंशन दी जाएगी स पर सीसीएस पेंशन रूल के हिसाब से ही दी जाएगी और जब एचटीसी ने पेंशन स्कीम को भी अडॉप्ट किया 1995 के अंदर स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाई ही दिए जाएं*

निरीक्षण

शिमला के भट्टाकुफर चौक में जमीन धंसने की घटना का निरीक्षण करने के लिए जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम ने कल शाम मौके का निरीक्षण किया। यह टीम आज भी स्थानीय प्रशासन के साथ फिर से घटनास्थल का निरीक्षण करेगी। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि जिला प्रशासन ने पत्र लिख कर जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को इस घटना के बारे में सूचना दी थी और निरीक्षण करने के आग्रह किया था।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने अधिकारियों को सर्दियों के मौसम में बर्फबारी और बारिश से निपटने के लिए सभी प्रबंध तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। धर्मशाला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने संबंधित विभागों से भारी बर्फबारी की स्थिति में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने और चिन्हित स्थानों पर बर्फ हटाने के लिए पर्याप्त मशीनरी व श्रमशक्ति तैनात करने को कहा, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्य सचिव ने आपात स्थिति में समयबद्ध प्रतिक्रिया पर बल देते हुए संबंधित विभागों से राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए, ताकि जान–माल का नुकसान न हो।

संजय गुप्ता ने मौसम पूर्वानुमान और चेतावनियों को समयबद्ध और सरल भाषा में जनता तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बर्फबारी वाले क्षेत्रों में ईंधन, खाद्यान्न, एलपीजी और अन्य जरूरी वस्तुओं का स्टॉक पहले से रखे जाने पर भी बल दिया।

इफ्फी– समापन

गोवा में आयोजित 56वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी कल एक शानदार अंदाज में संपन्न हो गया। प्रसिद्ध अभिनेता रजनीकांत को सिनेमा में उनके 50 वर्षों के योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारतीय फिल्म उद्योग जगत ने इस वर्ष दिवंगत हुए धर्मेंद्र, कामिनी कौशल, सुलक्षणा पंडित और सतीश शाह को उनके योगदान के लिए याद किया। केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव –इफ्फी महिलाओं और युवा रचनाकारों को सशक्त बनाने में सफल रहा है।

जीएसटी.खाद्य क्षेत्र

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जी.एस.टी. दर घटाने के बाद 22 सितम्बरर को शुरू हुए जी.एस.टी. बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। इस कड़ी में आज हम आपको जानकारी दे रहे हैं कि अगली पीढ़ी के जी.एस.टी. सुधारों से खाद्य क्षेत्र को कैसे बढ़ावा मिल रहा है। पेश है एक रिपोर्ट –––

*जीएसटी सुधारो के अंतर्गत सरकार ने आवश्यक के खाद्य पदार्थों पर कर की दरें कम कर आम आदमी को बड़ी राहत दी है इन सुधारो के तहत पराठा ब्रेड रोटी पनीर और अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध जैसे खाद्य पदार्थों को पूरी तरह से कर मुक्त कर दिया गया है साथी मकान की कॉन्टैक्ट कंडेंस्ड मिल्क और सिर्फ 5: कर लग रहा है जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों में इन उत्पादों की मांग बढ़ गई है इसके अलावा नमकीन पर लगने वाले 12: जीएसटी को घटकर 5: कर दिया गया है सरकार के इस निर्णय से खाद्य पदार्थों की कीमत कम हुई है जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों के खर्च का बोझ कम हो रहा है*

जागरूकता

सूचना व प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम तहत कल बिलासपुर जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान श्री नैनादेवी जी में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर के प्रभारी सुरजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान आईटीआई प्रशिक्षुओं और आंगनबाड़ी वर्करों को केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इधर केंद्रीय संचार ब्यूरो, शिमला द्वारा कल समरहिल राजकीय आई.टी.आई. के प्रशिक्षुओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लागू की गई चार श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज सभी समाचार पत्रों ने प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–आर.एस.एस. पर टिप्पणी–सदन में हंगामा, नारे लगाते वेल में पहुंया विपक्ष, तीखी नोकझोंक। दैनिक जागरण लिखता है–मंत्री की संघ पर टिप्पणी से नाराज भाजपा का हंगामा। पंजाब केसरी का शीर्षक है–धर्मशाला में पैंशनर्ज का प्रदर्शन, चक्का जाम।

दिव्य हिमाचल लिखता है–पेपर लीक अब गैर जमानती अपराध। हिमाचल दस्तक का कहना है–हिमाचल सरकार को केंद्र से मिली 3 सौ 50 करोड़ रुपये ऋण लेने की मंजूरी।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–सूखी ठंड–नाहन को छोड़ सभी शहरों में न्यूनतम पारा 8 डिग्री से नीचे।

फिर हाईकोर्ट पहुंचा संजौली मस्जिद विवाद वक्फ बोर्ड की जिला कोर्ट के फैसले को चुनौती–अमर उजाला की एक अन्य ख़बर है।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र के आधुनिकीकरण पर विशेष बल दे रही है राज्य सरकार।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों के साथ साझा करेंगे विचार।
- प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को अगली सुनवाई से पहले एच.आर.टी.सी. पैंशनरों को बकाया पैंशन जारी करने के दिए आदेश।
- मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने अधिकारियों को सर्दियों के मौसम में बर्फबारी व बारिश से निपटने के लिए सभी प्रबंध पूरा करने को कहा।
- 56वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोवा में सम्पन्न–प्रसिद्ध अभिनेता रजनीकांत लाईफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित।

———————————